राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–ःप्रेस नोटः– दिनांकः 15.01.2024

राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा–2021 में सम्मिलित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा की उत्तर–पुस्तिकाएं सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अभ्यर्थियों के अवलोकन हेतु आयोग की वेबसाइट पर दिनांक **20.02.2024** से **31.05.2024** तक अपलोड करने की कार्यवाही की जा रही है।

जो अभ्यर्थी स्वयं की उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन करना चाहते हैं, वे सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत केवल ऑनलाईन आवेदन आयोग कार्यालय में दिनांक **05.02.2024** से **30.04.2024** तक प्रस्तुत कर देवें। जिन अभ्यर्थियों के ऑनलाईन प्रार्थना–पत्र दिनांक **30.04.2024** तक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जायेंगे उनकी उत्तर पुस्तिकाएं आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेंगी। दिनांक **30.04.2024** के पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रार्थना–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थी दिनांक **31.05.2024** तक अपनी उत्तर–पुस्तिकाएं डाउनलोड कर लें। दिनांक **31.05.2024** के पश्चात् उक्त परीक्षा की उत्तर–पुस्तिकाएं आयोग की वेबसाइट से हटा दी जायेगी।

(रामनिवास मेहता)
सचिव